Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to upgrade ESIC DCBO in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan into a 30-bedded hospital.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): संसदीय क्षेत्र झुन्झुनू स्थित ESIC DCBO पूरे शेखावटी (झुन्झुनू, चुरू एव सीकर) क्षेत्र को अपनी सेवाएं जून 2015 से प्रदान कर रहा है जिसके अतगत लगभग 25000 बीमित (20,000 बीमित का नियम) एवं उनके आश्रित परिवारजन आते हैं । शेखावटी क्षेत्र के 200 किलोमीटर (25 किलोमीटर क दायरे का नियम) के दायरे में कोई बड़ा अस्पताल नहीं है इस कारण इस क्षेत्र के बीमित एवं आश्रितों को उच्च इलाज हेतु जयपुर जाना होता है जिसे श्रमिका एवं उनके आश्रितों को आर्थिक परेशानी के साथ-साथ मानसिक एवं शारारिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है । ESIC नियमों के तहत 20,000 बीमितों पर 30 बेड का अस्पताल खोला जा सकता है जबकि शेखावटी क्षेत्र में 25000 से ज्यादा बीमित है ।

शेखावटी क्षेत्र के श्रमिक संपूर्ण भारत में कार्यरत हैं । श्रमिकों के परिवारजन जो कि इसी क्षेत्र में रहते हैं इनमें बुजुर्ग माता-पिता, गर्भवती महिलाएँ, छोटे बच्चे शामिल हैं । 30 बेड का अस्पताल खुलने से बीमित के आश्रितों को स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं झुन्झुनू में ही दी जा सकेगी एवं वे कष्टपूर्ण लंबी यात्रा से बच पाएंगे ।

जिला झुन्झुनू के नवलगढ़ क्षेत्र में सीमेंट उद्योग स्थापित होने के कारण श्रमिकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी जिनको उच्च स्वास्थ्य सेवाएं ESIC जैसे बड़े अस्पताल की आवश्यकता होगी ।

उपरोक्त सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि ESIC DCBO झुन्झुनू को 30 बेड के अस्पताल में उच्चीकृत कर शेखावटी क्षेत्र के सभी श्रमिकों को सौगात प्रदान करे ।